वर्ष 2015 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों की सूची

samanyagyan.com/hindi/gk-nobel-prize-winners-2015

वर्ष 2015 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों की सूची (2015 Nobel Prize Winners List in Hindi)

नोबेल फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2015 के सर्वाधिक प्रतिष्ठित सम्मान नोबेल पुरस्कारों की घोषणा अक्टूबर के प्रारंभिक सप्ताह में कर दी गई हैं।

नोबेल पुरस्कार का संक्षिप्त इतिहास:

नोबेल पुरस्कार विश्व प्रसिद्ध स्वीडिश वैज्ञानिक एवं डायनामाइट के आविष्कारक अल्फ्रेड बर्नार्ड नोबेल द्वारा वर्ष 1895 में स्थापना की गई थी। यह पुरस्कार हर साल 6 विभिन्न क्षेत्रों: चिकित्सा विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, साहित्य, अर्थशास्त्र तथा शांति में विशिष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान हेतु प्रदान किए जाते हैं। आरंभ में अर्थशास्त्र का नोबल पुरस्कार इसमें शामिल नहीं था। स्वीडन के सेंट्रल बैंक ने 1968 में इसकी घोषणा की थी। अर्थशास्त्र का प्रथम पुरस्कार वर्ष 1969 में प्रदान किया गया था। शांति, साहित्य, रसायन, चिकित्सा एवं भौतिकी का प्रथम नोबेल पुरस्कार वर्ष 1901 में प्रदान किया गया था। सभी विजेताओं को 10 दिसंबर को अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि पर स्वीडन में सम्मानित किया जाएगा।

नोबल पुरस्कार विजेता को मिलने वाली राशि:

नोबल पुरस्कार विजेता को 80 लाख स्वीडिश क्रोनर (लगभग 6.25 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि के रूप में दिए जाते हैं।

इन्हें भी पढे: वर्ष 2017 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों की सूची

वर्ष 2015 के विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए नोबेल पुरस्कार की श्रेणियां:

1. चिकित्सा या फिजियोलॉजी नोबल पुरस्कार: वर्ष 2015 का चिकित्सा शास्त्र का नोबेल पुरस्कार परजीवी से होने वाले संक्रमण से लड़ने में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले तीन वैज्ञानिकों को प्रदान किया जायेगा।
पुरस्कार की आधी धन राशि आयरलैंड में जन्में वैज्ञानिक विलियम सी0कैम्पबेल और जापानी वैज्ञानिक सातोशी ओमूरा को गोल कृमि (Roundworm) नामक परजीवी से होने वाले संक्रमण की चिकित्सा की नवीन पद्धति की खोज के लिए संयुक्त रूप से प्रदान की जायेगी।
शेष आधी पुरस्कार राशि चीन के वैज्ञानिक यूयू तू (Youyou tu) को मलेरिया के चिकित्सा की नवीन पद्धति की खोज के लिए प्रदान की जायेगी।

2. भौतिकी का नोबल पुरस्कार: वर्ष 2015 का भौतिक विज्ञान का नोबेल पुरस्कार जापानी वैज्ञानिक तकाकी काजिता और कानाडा के वैज्ञानिक आर्थर बी. मैकडोनाल्ड को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया है। इन दोनों को यह पुरस्कार न्यूट्रिनो दोलन (Neutrino Oscillations) की खोज के लिए प्रदान किया जा रहा है जिससे यह प्रमाणित होता है कि न्युट्रिनो में द्रव्यमान होता है।

3. रसायन विज्ञान का नोबल पुरस्कार: वर्ष 2015 का रसायन विज्ञान नोबेल पुरस्कार अमेरिका के वैज्ञानिक पॉल मॉडरिश, स्वीडन के वैज्ञानिक थॉमस लिंडाल और तुर्की के वैज्ञानिक अजीज सैंकर को संयुक्त रुप से प्रदान किया जायेगा। इन्हें यह पुरस्कार डीएनए (DNA) की मरम्मत के यांत्रिकी अध्ययन हेतु प्रदान किया जायेगा।

4. <u>साहित्य का नोबेल पुरस्कार:</u> वर्ष 2015 का साहित्य क्षेत्र के नोबेल पुरस्कार के लिए बेलारुस की महिला पत्रकार एवं लेखिका स्वेतलाना एलेक्सिविच को चुना गया। स्वेतलाना को यह पुरस्कार उनके विविधापूर्ण तथा वर्तमान समय की समस्याओं के साहस पूर्ण लेखन के लिए प्रदान किया जा रहा है।

5. नोबेल शांति पुरस्कार: वर्ष 2015 का शांति का नोबेल पुरस्कार ट्यूनीशिया के लोकतांत्रिक मध्यस्थता समूह 'नेशनल डायलॉग क्वार्टेट' को प्रदान किया जाएगा।इस समूह को यह पुरस्कार वर्ष 2011 में ट्यूनीशिया में हुए 'जैस्मिन रिवॉल्यूशन' के बाद ट्यूनीशिया में लोकतंत्र की स्थापना में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है।

6. अर्थशास्त्र का नोबल पुरस्कार: वर्ष 2015 का अर्थशास्त्र (आर्थिक विज्ञान) का नोबेल पुरस्कार ब्रिटिश अर्थशास्त्री एंगस डेयटन (Angus Deaton) को प्रदान किया जाएगा।उन्हें यह पुरस्कार 'उपयोग, गरीबी और कल्याण' के विश्लेषण के लिए प्रदान कियागया था।